भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 04.04.2025

## आरेडिका में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक "प्रगति" पत्रिका का विमोचन

आरेडिका में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आरेडिका की राजभाषा गतिविधियों एवं प्रगति की समीक्षा की गई।

इसके साथ ही राजभाषा के प्रचार–प्रसार एवं लेखन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्रैमासिक प्रकाशित होने वाली गृह पत्रिका "प्रगति" के मार्च–2025 अंक का विमोचन महाप्रबंधक महोदय के कर –कमलों द्वारा किया गया।

इस पत्रिका में मौलिक रचनाओं यथा कविता, कहानियाँ, संस्मरण, प्रेरक लेख इत्यादि को शामिल किया गया है। महाप्रबंधक महोदय ने "प्रगति" पत्रिका के इस अंक में प्रकाशित रचनाओं के रचनाकारों की सराहना की ।

बैठक में आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार बत्ती लाल मीना, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद, सचिव/ महाप्रबंधक एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आर.एन.तिवारी, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन व राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

04/04/25
(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी